nt>

Title: Need to look into the problems being faced by farmers due to non-procurement of paddy in Balaghat district, Madhya Pradesh- Laid.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में धान का उत्पादन प्रदेश में सर्वाधिक है। धान से चावल निकालने वाली 100 से अधिक मिलें हैं। गत र्वा सूखे के कारण धान के उत्पादन एवं गुणवत्ता में कमी देखी गयी थी। लेकिन जिले में धान के कम उत्पादन एवं कम खरीदी के बावजूद व्यापारियों से लेव्ही के चावल की मात्रा में रिकार्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। अनेक व्यापारियों द्वारा 500 क्विंटल से 1000 क्विंटल तक धान से चावल बनाकर लेव्ही देना बताया है जबकि उक्त व्यापारियों के मिलों की क्षमता 200 क्विंटल की भी नहीं है साथ ही उनके मिलों के बिजली के बिल न्यूनतम हैं। बिचौलियों एवं अधिकारियों ने मिलकर एक तरफ किसान के धान को खरीदी नहीं होने दी तथा जो धान सोसायटियों ने खरीदा उसे गुणवत्ता की कमी के नाम पर चार माह बाद वापिस किया, जिससे सोसायटी एवं किसान बरबाद हो गये। बालाघाट जिले के इस सम्पूर्ण घटनाक्रम की उच्च्च स्तरीय जांच कर दोायिों को दण्डित किया जाये।